लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1285

14 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

कपास का उत्पादन

1285. श्री मारगनी भरत:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कपास उत्पादन का ब्यौरा क्या है और गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान वर्ष-वार देश के सबसे बड़े कपास उत्पादक राज्य कौन से रहे;

(ख) क्या यह सच है कि इस वर्ष के दौरान कपास का निर्यात 40 लाख गांठों से कम रहने वाला है;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) कपास के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना प्रमुख कपास उत्पादक राज्य हैं जो देश में लगभग 65% कपास उत्पादन करते हैं। पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के लिए देश में वर्षवार, राज्य-वार कपास उत्पादन दर्शाने वाला ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग): मौजूदा कपास मौसम 2022-23 के दौरान, 40 लाख गांठ कपास का निर्यात होने का अनुमान लगाया गया है। तथापि, देश में अधिशेष कपास की उपलब्धता, विदेशों में मांग और मूल्य सापेक्षता के आधार पर यह बढ़ या घट सकती है।

(घ): संपूर्ण कपास मूल्य श्रृंखला के व्यापक हित को देखते हुए, वर्तमान में कपास का निर्यात ओपन जनरल लाइसेंस के तहत है।

<u>अनुबंध</u>

राज्य	कपास का राज्यवार उत्पादन (लाख गांठों में)		
	2020-21	2021-22	2022-23 (पी)
महाराष्ट्र	101.05	71.18	80.25
गुजरात	72.18	74.82	91.83
तेलंगाना	57.97	60.67	53.25
राजस्थान	32.07	24.81	27.12
कर्नाटक	23.20	19.50	21.04
हरियाणा	18.23	13.16	17.21
आंध्र प्रदेश	16.00	17.08	17.85
मध्य प्रदेश	13.38	14.20	15.19
पंजाब	10.23	6.47	9.22
ओडिशा	5.51	6.26	6.82
तमिलनाडु	2.43	3.60	1.87
अन्य	0.23	0.28	0.26
कुल	352.48	312.03	341.91

पी- अनंतिम

*****